## कलेक्टर ने चेताया, स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कोताही पर तय होगी जवाबदेही

# अक्षम्य लापरवाही: एक की सेवा समाप्ति तो दूसरे का वेतन काटने निर्देश

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने सख्त रुख अपनाया है। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कम प्रगति वाले और बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को नोटिस जारी करने और वेतन काटने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने हिदायत दी है कि मैदानी स्तर पर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी उपस्थित रहीं।

### लापरवाही पर नोटिस और वेतन कटौती के निर्देश

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने उप स्वास्थ्य केंद्र मोहतरा (बहोरीबंद) के सीएचओ कृष्णम विश्वकर्मा को बिना सूचना गायब रहने पर सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं, रीठी की सीएचओ सारिका यादव को 10 मई तक प्रगति न दिखाने पर सेवा समाप्ति की चेतावनी दी गई है।



इसी प्रकार बड़वारा की एएनएम अर्चना दाहिया को बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर 2 दिन और पिपरिया परौहा की सीएचओ मीनाक्षी बर्मन को 7 दिन अवैतनिक करने के निर्देश दिए गए। हरदुआ कन्हवारा के सीएचओ राहुल मकवाने का भी एक दिन का वेतन काटा गया है। विजयराघवगढ़ में हुई एक मातृ मृत्यु की समीक्षा के दौरान उत्तरदायित्वों का निर्वहन न करने पर संबंधित आशा, एएनएम और सीएचओ की 7 दिन के अंदर वेतन वृद्धि रोकने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा उपस्वास्थ्य केन्द्र, अमरगढ़ (बहोरीबंद) की एएनएम अफशाना मंसूरी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। सीएचओ, उपस्वास्थ्य भनपुराकलां, उमरियापान आराधना डेविड को आगामी 3 दिवस के अंदर कार्यप्रगति में सुधार करने के निर्देश दिये गये।

### टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं की निगरानी पर जोर

कलेक्टर ने जिला टीकाकरण अधिकारी को 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को बच्चेदानी के कैंसर से बचाने हेतु एचपीवी वैक्सीन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन विकासखंडों में वैक्सीन का स्टॉक अधिक है, उसे जरूरत वाले विकासखंडों में शिफ्ट करने निर्देशित किया।

कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के प्रथम तिमाही पंजीयन के लिए समग्र आईडी, विवाह पंजीयन जैसे दस्तावेजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु लाइन लिस्टिंग बनाने और जनपद सीईओ से समन्वय करने के निर्देश दिए। साथ ही आधार कार्ड बनाने हेतु शिविरों की जानकारी ग्रामवार सूचित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं के प्रसव की संभावित तिथि की ड्यू लिस्ट प्रत्येक उपस्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिमाह संबंधित एएनएम, सीएचओ और आशा के पास उपलब्ध हो। साथ ही संबंधित एएनएम, सीएचओ, आशा को उनके क्षेत्रान्तर्गत गर्भवती महिलाओ के प्रसव की जानकारी प्रतिमाह अद्यतन करें और इसका निरीक्षण जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी द्वारा किया जाये। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि 100 दिवसीय निःक्षय 2.0 के अंतर्गत 244 ग्राम चिन्हित किये गये हैं। जिस पर कलेक्टर ने स्वास्थ्य शिविर लगाकर 14 वर्ष की आयु के ऊपर के समस्त किशोर, वयस्कों की स्क्रीनिंग, एक्सरे, शुगर एवं बीपी की जांच करने के निर्देश दिये।

### एएनसी जांचों की जानकारी देने निजी क्लीनिकों को निर्देश

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले के निजी नर्सिंग क्लीनिकों और सोनोग्राफी सेंटरों को निर्देशित किया है कि वे नवीन एएनसी जांचों की पूरी जानकारी (मोबाइल नंबर और पते सहित) प्रतिमाह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करें।

### प्रसव केंद्रों को करें क्रियाशील

बैठक के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद के अंतर्गत 'कुंआ' और उमरियापान के अंतर्गत 'कारोपानी' प्रसव केंद्रों को क्रियाशील करने हेतु एएनएम को प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए गए। ताकि स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, महिला बाल विकास की सहायक संचालक सुश्री वनश्री कुर्वेती, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, परियोजना अधिकारी रीठी कटनी सुलोचना महोबिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ समीर सिंघई, डीपीएम कटनी डॉ उपेन्द्र कुशवाहा, एपीएम विजय सोनी, डीसीएम सतीश जैन, एमएंडडी अरूण कमल, सभी बीएमओ, महिला बाल विकास बहोरीबंद परियोजना अधिकारी सतीश पटेल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### दो मंदिरों में चोरी, चोरो ने आभूषण व नकदी किये पार

**कटनी।** कोतवाली और एन.के.जे. थाना क्षेत्रों के दो धार्मिक स्थलों में चोरो ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने मंदिर से आभूषण और दान पेटी पर भी हाथ साफ कर किया। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के दक्षिण मुखी काली मंदिर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। प्रार्थी मयंक दुबे ने पुलिस को बताया कि चोरों ने मंदिर परिसर में प्रवेश कर माता रानी का चांदी का मुकुट और सोने की नथ चोरी कर ली है। चोरी गए जेवरातों की कीमत लगभग 80,000 रुपये बताई जा रही है। मंदिर में हुई चोरी से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। इसी तरह एन.के.जे. थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया में चोरों ने दुर्गा चौक स्थित माता मंदिर को अपना निशाना बनाया। प्रार्थी जय कुमार विश्वकर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि चोरों ने मंदिर से सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पार कर दी। इस वारदात में करीब 40,000 रुपये की संपत्ति और नगदी चोरी होने का अनुमान है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### मदद के बहाने बदला एटीएम कार्ड, खाते से निकाली राशि

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर खाते से पैसे निकाल लिये गये। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना माधवनगर गेट स्थित एसबीआई एटीएम की है। जानकारी के अनुसार 60 वर्षीय मखलू बर्मन निवासी नेपाली मोहल्ला एटीएम से पैसे निकालने गए थे। इसी दौरान वहां मौजूद एक युवक ने मदद करने के बहाने बड़ी ही चतुराई से उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और उनका पिन नंबर जान लिया। बुजुर्ग को इस बात की भनक तब लगी जब उनके मोबाइल पर पैसे कटने का मैसेज आया। जब तक वह कुछ समझ पाते, आरोपी वहां से रफूचक्कर हो चुका था। वृद्ध की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान हो सके।

### एक्सपायरी नमकीन के 50 पैकेट कराये नष्ट

**कटनी।** राजस्व विभाग एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बहोरीबंद एवं स्लीमनाबाद में खाद्य पदार्थों के विक्रय संस्थानों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा बहोरीबंद स्थित श्री कृष्णा किराना की जांच की गई। दुकान में विक्रय हो रहे सरसों तेल, मसाले, नमकीन एवं कोलड्रिंक के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी प्रकार स्लीमनाबाद स्थित दिगंबर एजेंसी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में एक्सपायरी डेट के नमकीन के 50 पैकेट पाए गए। जिसे मौके पर नष्ट कराया गया। एजेंसी में रेड हिन्द ब्रांड के कोल्डड्रिंक, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एवं थम्स अप कोल्ड ड्रिंक विक्रय हेतु थोक संग्रह कर रखा हुआ पाया गया। सभी पेय पदार्थों के सैंपल लेकर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है।

# अलग अलग स्थानों से 1.57 लाख की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कैमोर थाना एवं निवार चौकी पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी कैमोर निरीक्षक आशीष कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम जमुवानी कला में दबिश दी। छापेमारी के दौरान एक संदिग्ध युवक भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुरेन्द्र सिंह उर्फ पप्पू 36 वर्ष निवासी जमुवानी कला बताया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने एक कच्चे मकान की परछी में घास-फूस के पीछे छिपाकर रखी गई शराब बरामद की। पुलिस को मौके से 14 कार्टून में 700 पाव देशी प्लेन व मसाला शराब (कुल 126 लीटर) बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 72 हजार रुपये बताई गई है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।





पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि यह शराब रोहित सिंह उर्फ पौहा, निवासी खलवारा बाजार कैमोर, द्वारा उसके घर में रखवाई गई थी। पुलिस ने रोहित सिंह को भी आरोपी बनाया है, जो फिलहाल फरार है।

इसी तरह निवार चौकी पुलिस ने ग्राम ठरका स्थित एक खेत से भारी मात्रा में देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से करीब 130 लीटर अवैध शराब जब्त की है, जबकि मामले में दो आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार,9 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गाताखेड़ा निवासी एक व्यक्ति द्वारा ठरका में किराए पर लिए गए खेत के कमरे में अवैध रूप से शराब छिपाकर रखी गई है और उसे बेचने की तैयारी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर खेत में बने कमरे की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कमरे में रखे कार्टूनों से लाल मसाला और प्लेन देशी शराब की कुल 780 शीशियां (लगभग 130 लीटर) बरामद की गईं। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 83,500 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर ही सैंपल लेकर पूरी कार्रवाई पंचनामा के तहत पूरी की। पूछताछ में खेत मालिक ने बताया कि उसने खेत खेती के लिए ठेके पर दिया था और उसकी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्तियों के पास थी। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिये किया गया जागरूक



विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 5 हीरापुर कौड़िया के ग्राम सरसवाही में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत चौपाल और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सेक्टर प्रभारी साध्वी निगम ने बताया की अधिक से अधिक वर्षा जल को बचाने के लिए ग्रामों में हमारी विरासत के रूप में उपलब्ध जल स्रोतों जैसे कुआं, तालाब, बावड़ी के गहरीकरण के लिए जन भागीदारी जरूरी है, साथ ही घर-घर में सोख्ता गड्ढा बनाकर वर्षा जल को अधिक से अधिक जमीन में पहुंचाने की आवश्यकता है। इस दृष्टि से मध्य प्रदेश शासन के द्वारा प्रतिवर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाता है परामर्शदाताओं और छात्र-छात्राओं के सहयोग से दीवार लेखन ,जागरूकता रैली, ग्राम चौपाल के साथ-साथ विभिन्न जल स्रोतों में जन भागीदारी से श्रमदान की गतिविधियां आयोजित कर रहा है। इसी श्रृंखला में ग्राम सरसवाही में ग्राम चौपाल, दीवार लेखन और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

# बोरिंग मशीन सहित दो ट्रकों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में अवैध नलकूप खनन के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए बोरिंग मशीन सहित दो ट्रकों को जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गुड़ा में बिना वैध अनुमति के रोटरी बोर मशीन से नलकूप खनन किया जा रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच की। मौके पर एक 10 चक्का ट्रक (क्रमांक KA 51 MA 3375, अशोक लीलैंड) में रोटरी बोरिंग मशीन लगाकर खनन करते पाया गया, जबकि पास में एक अन्य सपोर्ट ट्रक (क्रमांक KA 45 AH 2812) खड़ा था। मौके पर मौजूद चालक से बोरिंग की अनुमति से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में अवैध खनन की पुष्टि होने पर पुलिस ने दोनों ट्रकों को जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 223, 3(5) तथा मध्यप्रदेश पेयजल परीक्षण अधिनियम 2022 की धारा 6 और 9 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, सहायक उपनिरीक्षक विजेंद्र कुमार तिवारी, प्रधान आरक्षक मनोज ठाकुर, आरक्षक रंजीत गंधर्व सहित अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

**विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का जिपं सीईओ ने किया औचक निरीक्षण**

# शैक्षणिक गुणवत्ता को परखने विद्यार्थियों से किया संवाद, एमडीएम की थाली भी देखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने शुक्रवार को विकासखंड बहोरीबंद की प्राथमिक शाला लखनवारा और आंगनबाड़ी केंद्र स्लीमनाबाद पहुंचकर औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता को परखने छात्र-छात्राओं से संवाद किया। सुश्री कौर ने शिक्षिका बनकर विद्यार्थियों से एकाग्र होकर होमवर्क करने और नियमित रूप पढ़ाई करने को कहा। मनोवांछित सफलता हेतु अनुशासित रहते हुए जीवन में हर कार्य को निश्चित समय पर करने की समझाइश दी। उन्होंने इस दौरान प्रतीक, गुंजन और अन्य बच्चों से सवाल किए जिनका विद्यार्थियों ने सही जवाब दिया। इस पर उन्होंने छात्राओं को शाबाशी दी और प्रोत्साहन स्वरूप उपहार के रूप में पेन कॉपी भेंट की । जिला पंचायत सीईओ ने शिक्षकों आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से भी अध्यापन कार्य को सुचारू रूप से कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन को देखा, रसोइयों से पारिश्रमिक भुगतान एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी तथा मेनू के अनुसार बनाने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता और सहायिका से कुपोषित बच्चों, दर्ज संख्या, गर्भवती ,धात्री महिलाओं के पोषण आहार, बच्चों का वजन, उपस्थिति आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने आवश्यक सुधार के निर्देश सर्व संबंधितों को दिए। निरीक्षण के दौरान बहोरीबंद के सीईओ अभिषेक कुमार झा, ऋषिराज चढ़ार, योगेंद्र कुमार असाटी, बीआरसी प्रशांत मिश्रा, उमेश सोनी आदि मौजूद रहे।





## जिपं सीईओ ने जल संरचनाओं का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

# खामियों पर जताई नाराजगी, उपयंत्री और जीआरएस को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बारिश के पानी की एक-एक बूंद को सहेजने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं का निर्माण एवं स्थल चयन तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए करें। जन उपयोगी जल संरचनाओं का निर्माण किया जाना चाहिए। गर्मी की विकरालता को अभी से भांपते हुए पीएचई विभाग के अधिकारी और जनपद के सीईओ जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को युद्ध स्तर पर गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

इस आशय के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायतों लखनवारा, स्लीमनाबाद, कोड़ियां, बहोरीबंद में राम जानकी बावड़ी जीणोद्धार, नाला शुद्धिकरण, खेत तालाब, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सामुदायिक भवन, मां की बगिया और मुक्तिधाम आदि कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए। उन्होंने नाला शुद्धिकरण कार्य बहोरीबंद, हितग्राही भोला का खेत तालाब और प्रेम रानी की मां की बगिया के कार्य को देखकर नाराजगी जताते हुए उपयंत्री एवं ग्राम रोजगार सहायक को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य व्यवस्थित तरीके से एक सप्ताह के अंदर किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान पूछे जाने पर अधिकारी समाधान कारक उत्तर नहीं दे पाए। सुश्री कौर ने कृषि सखी से संवाद कर मां की बगिया हेतु किए गए प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र स्लीमनाबाद में बनाए गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य को देखा।



### ग्रामीणों ने बताई समस्या

जिला पंचायत सीईओ द्वारा पांचवें वित्त से स्लीमनाबाद में निर्मित मुक्तिधाम का निरीक्षण करने के दौरान ग्राम वासियों ने पेयजल समस्या से अवगत कराया। सुश्री कौर ने इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ से और भी अन्य स्थानों पर पेयजल समस्या की जानकारी ली एवं तत्परता पूर्वक निदान हेतु पीएचई के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि ग्रामीण जनों हेतु पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत कराए गए कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बक्सा नहीं जाएगा। जवाब देही तय करके कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ अभिषेक कुमार झा, ऋषि राज चढ़ार, योगेंद्र कुमार असाटी, बीआरसी प्रशांत मिश्रा , उमेश सोनी,तकनीकी अधिकारी, ग्राम पंचायत के सचिव ग्राम रोजगार सहायक आदि मौजूद रहे।

# समारोहपूर्वक मनाई जाएगी डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती, 14 तक होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर जिले में व्यापक और गरिमापूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार, जिला मुख्यालय से लेकर विकासखण्ड स्तर और सभी शैक्षणिक संस्थाओं व छात्रावासों में 14 अप्रैल तक विशेष साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं।

जिले में इन कार्यक्रमों के सुचारू और सफल आयोजनों के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जबकि अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक विमल चौरसिया इसके सहायक नोडल होंगे। वहीं विकासखण्ड स्तर पर संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नोडल अधिकारी की भूमिका निभाएंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने साप्ताहिक कार्यक्रमों के दौरान सभी संबंधित विभागों और कार्यालय प्रमुखों को नोडल अधिकारियों से समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में इन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये हैं।

भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल तक विकासखंड स्तरीय आयोजन अंतर्गत जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने नगर निगम आयुक्त, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ और सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी किये हैं।

कलेक्टर श्री तिवारी के द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले के प्रत्येक विकासखण्ड अन्तर्गत जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों में हितग्राही सम्मेलन किये जायेंगे। इस सम्मलेन में शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को भी आमंत्रित किया जायेगा एवं योजनाओं के प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही सभा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियो, गणमान्य नागरिकों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## 14 पशुओं को पकड़कर भेजा गया कांजी हाउस

**कटनी।** शहर में सुगम एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा आवारा मवेशियों के विरुद्ध सघन अभियान लगातार जारी है। निगम की हांका टीम द्वारा प्रतिदिन विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख मार्गों पर कार्रवाई करते हुए सड़कों पर विचरण कर रहे मवेशियों को पकड़ा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गठित दल ने हेमू कालाणी वार्ड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित शहर के मुख्य मार्गों, व्यस्त चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सड़कों पर घूम रहे 11 मवेशियों (गाय एवं बैल) को पकड़कर सुरक्षित रूप से अमीरगंज कांजी हाउस भेजा गया। वहीं नागरिकों की सुरक्षित आवागमन व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 3 आवारा श्वानों को भी पकड़कर एबीसी सेंटर भेजने की कार्रवाई की गई। निगम प्रशासन ने पशुपालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि कोई भी अपने मवेशियों को खुले में छोड़ता पाया गया, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे पालतू पशुओं को सड़कों पर न छोड़ें और शहर की व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## जल संरक्षण के लिये नाले का किया गहरीकरण

**उमरियापान।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा के धरवारा सेक्टर अंतर्गत नवांकुर संस्था प्रयास सेवा संगठन इमलिया द्वारा जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य किया गया। प्रस्फुटन ग्राम कुसेरा स्थित पुतरिया नाला में जेसीबी मशीन के माध्यम से गहरीकरण का कार्य कराया गया। सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार ने बताया कि जनभागीदारी से नाले में गहरीकरण कर एक बड़ा गड्ढा तैयार किया गया, जिससे पानी का संचयन संभव हो सका। गड्ढे में पानी निकलने के बाद क्षेत्र में जल उपलब्धता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि इस पहल से न केवल ग्रामीणों को लाभ मिलेगा, बल्कि मवेशियों, पक्षियों एवं वन्य प्राणियों की प्यास बुझाने में भी मदद मिलेगी।

## अतिक्रमण व अव्यवस्थित पार्किंग पर 7500 रुपये का स्पाट फाइन वसूला

**कटनी।** नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा लगातार अभियान चलाकर मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। निगम द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य न केवल यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना है, बल्कि आमजन को जाम, दुर्घटनाओं और असुविधा से राहत दिलाना भी है। इसी क्रम में शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों—गोल बाजार, झंडा बाजार एवं बिलैया तलैया सब्जी मंडी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर दुकान सामग्री रखकर किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। कई बार समझाइश के बावजूद नियमों की अनदेखी करने वाले व्यवसायियों के विरुद्ध 5500 रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया तथा उन्हें दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई। वहीं, नो-पार्किंग जोन में खड़े 6 वाहनों को हटाकर यातायात बाधा दूर की गई और संबंधित वाहन चालकों पर 2000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। सार्वजनिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्ती जारी रहेगी।

## उपखण्ड स्तरीय समिति की बैठक 14 अप्रैल को

**कटनी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल तक साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने इस अवधि के मध्य जिले के समस्त उपखण्ड मुख्यालयों मे अत्याचार निवाराणार्थ अधिनियम 1989 के अन्तर्गत उपखण्ड स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अपने उपखण्ड स्तर पर उपखण्ड स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन कर पालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

### नीलामी प्रक्रिया को लेकर शुरू हुई कवायद, एसडीएम ने जारी किए निर्देश

# 33 माह बाद 40 दुकानों का खुलेगा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



बहोरीबंद विकासखण्ड मुख्यालय में जनपद व विधायक निधि से निर्मित 40 दुकानो का ताला आखिरकार अब 33 माह बाद खुलेगा जिसको लेकर प्रशासनिक स्तर से कवायद शुरू कर दी गई है। एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया के द्वारा 40 दुकानों की नीलामी प्रक्रिया को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर दिए है।साथ ही दुकानों की नीलामी प्रक्रिया को लेकर दिनांक 23 अप्रेल 2026 नियत किया गया। नीलामी प्रक्रिया मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 65 के अंतर्गत बने संपत्ति के नियम अधीन होंगी। दुकानों की नीलामी प्रवेश अधिकार शुल्क के आधार पर घोष विक्रय /मोहर बंद निविदा द्वारा तीन वर्षीय पट्टे पर की जाएगी, जो पूर्ण रूप से अस्थाई होगी। नीलामी हुई दुकानों का किराया 1318 रूपये से 1499 रुपए प्रतिमाह रखा गया। दुकानों की नीलामी अनुसूचित जाति/जनजाति,पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग के लिए आवंटित की गई हैं।

गौरतलब है कि उक्त दुकानों के मामले मे 26 मई 2023 को कलेक्टर न्यायलय से आदेश पारित हो गया था जिसमे कलेक्टर न्यायलय ने तत्कालीन एसडीएम बहोरीबंद के द्वारा की गई बेदखली कारवाई को वैधानिक मानते,बेदखल हुए व्यापारियों के द्वारा लगाई गई अपील को निरस्त करते हुए इस मामले का पटाक्षेप किया था।जिसके साथ ही हाईकोर्ट ने जो निर्णय कलेक्टर कटनी को दिया था उसका भी निराकरण तत्कालीन कलेक्टर के द्वारा उक्त दुकानों के मामले मे कर दिया गया था।मामले के निराकरण के बाद दुकानों की नीलामी प्रक्रिया विधि संगत नए सिरे से करने बहोरीबंद एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया लेकिन कलेक्टर न्यायालय के पारित आदेश के बाद 12 माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद नोडल अधिकारी एसडीएम के द्वारा 40 दुकानों की नीलामी प्रक्रिया को लेकर कवायद शुरू की गईं। दुकानों की नीलामी प्रक्रिया में राशि अधिक होने के कारण बोलीदारों ने रूचि नही दिखाई, जिस कारण दुकानों की नीलामी प्रक्रिया अधर में पड़ी रही है। अब एक बार पुन एसडीएम राकेश चौरसिया के द्वारा 40 दुकानों की नीलामी प्रक्रिया को लेकर 7 अप्रेल 2026 को विस्तृत दिशा_निर्देश जारी किए।

बहोरीबंद विकासखण्ड मुख्यालय स्थित नव निर्मित 40 दुकानो में बिना नीलामी प्रक्रिया कराये पूर्व सरपंच ने आवंटन कर दिया था जिस पर जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल व ग्रामीणों के द्वारा इसकी शिकायत एसडीएम बहोरीबंद से की गई थी। तत्कालीन एसडीएम संघमित्रा ने जनपद सीईओ को जांच सौपी थी ।जांच में यह पाया गया था कि जनपद व विधायक निधि की राशि से 40 दुकानों का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत बहोरीबंद के द्वारा कराया गया है। निर्माण कार्य गुणवत्ता हींन तरीके से कराया गया।साथ ही दुकानें बनने के बाद जनपद को हैंडओवर भी नही की गई न ही उपयंत्री के द्वारा उक्त कार्यो का मूल्यांकन किया गया। जनपद सीईओ के द्वारा जांच प्रतिवेदन एसडीएम को सौपा गया।जिसके बाद एसडीएम ने दुकानों मैं काबिज व्यापारियों को नोटिस देकर जवाब तलब किया।लेकिन व्यापारी कोई सार्थक स्पष्टिकरण नही दे सके जिसके बाद एसडीएम ने 8 सितंबर 2022 को पंचायत,पुलिस व राजस्व विभाग के अमले के साथ संयुक्त रूप से कारवाई करते हुए उक्त 40 दुकानों को खाली कराते हुए तालाबन्दी कर दी गई थी।

एसडीएम की इस कारवाई को लेकर बेदखल हुए व्यापारियों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई जिसमे हाईकोर्ट ने कटनी कलेक्टर को मामले का निराकरण करने के आदेश दिए जिस पर कलेक्टर कटनी के द्वारा मामले को निराकृत किया गया ।जिसमें कलेक्टर ने यह पाया कि ग्राम पंचायत के द्वारा विधि विरुध्द तरीक़े से पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर दुकानों का आवंटन किया गया जो कि निर्मित दुकाने जनपद पंचायत के द्वारा नीलाम कर आवंटित की जानी थी।शासकीय या स्थानीय निकाय की परिसंपत्ति हेतु पहले आओ पहले पाओ का सिद्धांत अपनाया जाना उचित नही है क्योंकि स्थानीय निकाय इस परिसम्पत्ति का कस्टोडियन होता है। एसडीएम का क्षेत्राधिकार होता है जिसके तहत बेदखली कारवाई की गई जो वैधानिक है।

### इनका कहना है

एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि 40 दुकानों की नीलामी प्रक्रिया 23 अप्रेल 2026 को होगी।जिसको लेकर विस्तृत दिशा_निर्देश जारी कर दिए गए है । 40 दुकानों की नीलामी प्रक्रिया मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत जारी प्रावधानों के अनुसार होगी।

# भूत प्रेत की अफवाह, अब पुलिस कटवाएगी फसल

**ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम गनियारी का मामला**
**किसान की शिकायत पर एसडीएम ने लिया संज्ञान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम अंतर्वेद गनियारी निवासी किसान की तीन एकड़ में लहलहाती गेहूं की फसल सिर्फ इसलिए नहीं कट पा रही है क्योंकि क्षेत्र में खेत में 'भूत-प्रेत' होने की अफवाह फैला दी गई है। इस मानसिक दहशत के कारण कोई भी हार्वेस्टर संचालक खेत में मशीन उतारने को तैयार नहीं है।

ग्राम अंतर्वेद गनियारी निवासी किसान चक्रेश मिश्रा की तीन एकड़ की फसल पककर तैयार है। पीड़ित किसान का आरोप है कि क्षेत्र के कुछ स्थानीय हार्वेस्टर संचालकों और उनके एजेंटों ने जानबूझकर यह भ्रामक खबर फैलाई है कि उनके खेत में 'भूत-प्रेत' का साया है।यह अफवाह व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से इतनी तेजी से फैलाई गई कि बाहर से आने वाले हार्वेस्टर संचालक भी डर के मारे वापस लौट रहे हैं।

किसान का कहना है कि यह साजिश उनकी फसल बर्बाद करने या उन्हें आर्थिक नुकसान पहुँचाने के उद्देश्य से रची गई है। किसान चक्रेश मिश्रा ने अपनी शिकायत में भीषण गर्मी और नरवाई जलाने की घटनाओं का जिक्र करते हुए गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर फसल की कटाई नहीं हुई, तो आग लगने की स्थिति में उनकी साल भर की पूरी मेहनत खाक हो सकती है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम निधि गोहल ने तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे को मामले में हस्तक्षेप कर तत्काल कटाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा हैं।

एसडीएम ने किसान को भरोसा दिलाया है कि हार्वेस्टर संचालकों से बात कर जल्द से जल्द फसल कटवाई जाएगी।

थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने मीडिया को बताया कि एएसआई संतोष विश्वकर्मा को मामले की जांच सौंपी गई है। पुलिस का प्राथमिक उद्देश्य फसल कटवाना है, साथ ही समाज में भ्रम और दहशत फैलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

*सालों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर यह संकट चिंता का विषय*

# टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन, परीक्षा की अनिवार्यता से मुक्त करने मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



टेट की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर जिले भर के हजारों शिक्षकों ने एकजुट होकर ज्ञापन सौंपा तथा टेट संबंधी प्रावधान को वापस लेने की मांग की।संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा ऐसे आदेश जारी किए गए हैं जिनमें कहा गया है कि जिन शिक्षकों ने टेट परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, उनके लिए जुलाई-अगस्त में संभावित परीक्षा आयोजित की जा सकती है तथा असफल होने की स्थिति में अनिवार्य सेवानिवृत्ति जैसी कार्यवाही भी संभव है।

उन्होंने कहा कि जब टेट परीक्षा वर्ष 2011 में प्रारंभ हुई, तब वर्ष 2010 अथवा उससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इसके लिए उत्तरदायी ठहराना न्यायसंगत नहीं है। वर्षों से नियमपूर्वक सेवा दे रहे शिक्षकों पर इस प्रकार का संकट खड़ा करना अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक विषय है।इसी गंभीर समस्या को लेकर जिले के हजारों शिक्षकों ने संगठित होकर अपना विरोध दर्ज कराया और शासन से मांग की कि पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए। इस अवसर पर जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सभा को सरमन तिवारी, संजय अग्रवाल,नवनीत चतुर्वेदी,राकेश दुबे,विपिन तिवारी,जे.पी.हल्दकार, रमाशंकर तिवारी,आशीष उरमलिया, संजय मिश्रा, शिवदास यादव, विनीत मिश्रा, रामाधार सरावगी, अखिलेश पांडेय, इलयास खान, रजनीश तिवारी, राकेश रंजन परोहा, सुशील तिवारी,मनीष दीक्षित,सुशील दुबे, रीना साहू,राम बाई कोल,शिवानी मिश्रा,वीणा द्विवेदी आदि मौजूद रहीं।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को सामग्री का किया वितरण



बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित प्री स्कूल- पोषण एवं शिक्षा कार्यक्रम के तहत संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों जुगियाकाप, जोवीकला एवं मगरधा जिला कटनी में में अध्ययनरत बच्चों के परिवारों को बालमुकुंद मिश्रा (ब्लॉक समन्वयक)मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के मुख्यातिथ्य एवं रामानुज पांडे (परामर्शदाता)के विशिष्ट आतिथ्य में राहत राशन ( खाद्यान्न) गेहूं, चावल एवं दाल सहित साड़ी, पेटीकोट एवं लेडीज़ चप्पल का वितरण किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संगीता बर्मन, राजेश कुमार चौधरी, माया गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी, सेक्टर प्रभारी गणपत कोल, साधना बर्मन, माया सूर्यवंशी, रूपा बर्मन, राधा विश्वकर्मा सहित आंगनवाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता, सहायिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# योजना की लक्ष्य पूर्ति के लिये हुई बैठक, जिले में अब तक 1348 हुये लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता कटनी के नेतृत्व में सोलर वेंडरों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत सोलर रूफटॉप के कनेक्शनों को तीव्र गति से उपभोक्ताओं को प्रदान करने पर चर्चा की गई। साथ ही सोलर वेंडरों को सोलर रूफटॉप कनेक्शनों की स्थापना में गति लाने और योजना को जन-जन तक पहुँचाने के लिए शहर में लाउडस्पीकर युक्त वाहन के माध्यम से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये। योजना के प्रचार-प्रसार के लिये गणेश चौक स्थित संभागीय कार्यालय पर एक स्टाल लगवाकर नागरिकों को योजना और आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की जाएगी।

सरकार द्वारा फरवरी 2024 में शुरू की गई इस योजना के तहत उपभोक्ता अपनी बिजली खपत के अनुसार सोलर प्लांट लगवा सकते हैं। इसके अंतर्गत यदि उपभोक्ता की बिजली खपत 0 से 150 यूनिट है तो उसके लिये 1 किलोवाट, 150 से 300 यूनिट की खपत पर 2 किलोवाट व 300 से अधिक यूनिट की खपत पर 3 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप के कनेक्शन उपभोक्ताओ को दिये जा रहे हैं।

पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना अंतर्गत उपभोक्ताओ द्वारा 1 से 2 किलोवाट के सोलर रूफटॉप के कनेक्शन लिये जाने पर प्रति किलोवाट 30 हजार रूपये एवं 3 किलोवाट के सोलर रूफटॉप के कनेक्शन पर उन्हे 78 हजार रूपये प्रति किलोवाट तक की सब्सिडी लाभांश के तहत प्रदान की जा रही है।

### अब तक 1348 उपभोक्ता ले चुके हैं योजना का लाभ

कार्यपालन अभियंता श्री मुकेश मोहबे ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए जिले में लगभग 7 से 8 हजार उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। योजनांतर्गत अब तक कटनी के 1,348 उपभोक्ताओं के यहाँ सोलर कनेक्शन लग चुके हैं। जबकि 390 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं और जल्द ही पूर्ण कर लिए जाएंगे।

*ई विकास प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण का आयोजन*

# उर्वरक वितरण में आएगी पारदर्शिता एवं किसानों को भटकाव से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक वितरण करने के लिये कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 1 अप्रैल से 'ई-विकास' (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली लागू हो गई है।

ई-विकास प्रणाली के सफल संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम सहायक, पटवारी, पैक्स के समिति प्रबंधक और डबल लॉक केंद्रों के प्रभारियों को 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसमें राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर इन सभी शासकीय सेवकों को नई प्रणाली की बारीकियां सिखा रहें हैं।

विकासखंड ढीमरखेड़ा और बड़वारा में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसके पूर्व बुधवार को विकासखंड रीठी और बहोरीबंद में प्रशिक्षण दिया गया था। वहीं विकासखंड विजयराघवगढ़ और कटनी में 10 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### इनकी लगी ड्यूटी

कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी एसडीएम और जनपद पंचायतों के सीईओ को प्रशिक्षण स्थल के चयन और आवश्यक तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी है। जबकि उप संचालक कृषि, सहायक आयुक्त सहकारिता एवं जिला विपणन अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान कृषि विस्तार अधिकारियों, समिति प्रबंधकों और डबललॉक प्रभारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। अलग-अलग विकासखंडों में प्रशिक्षण देने के लिए कृषि विस्तार अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स कालू चौधरी, मोहन सोलंकी, विकास पाटीदार, रामाकांत गौर और हरिओम चंद्रवंशी को नियुक्त किया गया है।

### ई-विकास' प्रणाली

ई-विकास प्रणाली किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की एक नई पहल है। इसके माध्यम से उर्वरक वितरण में पारदर्शिता आएगी और किसानों को खाद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से खाद की कालाबाजारी पर रोक लगेगी और वास्तविक लाभार्थी तक आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में पोषण समिति की बैठक आयोजित

# कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर निवारण के लिए कार्य करने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



वर्तमान वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें। लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत हितग्राहियों के समग्र सत्यापन के कार्य में गति लाने हेतु स्थानीय निकाय से समन्वय के साथ कार्य करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश जिला पोषण समिति की बैठक में दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने राष्ट्रीय पोषण अभियान अंतर्गत 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक संचालित पोषण पखवाड़ा का आयोजन किये जाने एवं निर्देशानुसार गतिविधियों सम्पादित किये जाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ती के सम्बन्ध में प्राप्त दावा-आपत्तियों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिये। साथ ही निर्माणाधीन एवं अपूर्ण आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये।

### उपलब्धि पर की गई सराहना

कलेक्टर ने गत वित्तीय वर्ष में पोषण पुनर्वास केंद्रों में बेड क्षमता के विरुद्ध शत प्रतिशत से अधिक कुपोषित बच्चों को भरती करवाए जाने की उपलब्धि पर विभाग की सराहना की एवं इस दिशा में निरंतर कार्य करने के निर्देश दिये गये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने माह अप्रैल 2026 में सम्पादित होने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों के वार्षिक सर्वे में आंगनवाड़ी केंद्रों के सर्वे क्षेत्र में आने वाले समस्त 3 से 6 वर्ष के बच्चों का पंजीयन पोषण ट्रैकर पर सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कुपोषित बच्चों का सही चिन्हांकन कर उन्हें पोषण ट्रैकर एवं मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत पंजीकृत कर कुपोषण निवारण की दिशा में कार्य किये जाने की हिदायत दी।

आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को पूरक पोषण आहार एवं टेक होम राशन प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों को गुणवत्तपूर्ण शाला पूर्व शिक्षा प्रदान करने, सामुदायिक गतिविधियों के नियमित आयोजन एवं सभी पात्र हितग्राहियों की आभा आई डी एवं अपार आई डी निर्मित किये जाने के निर्देश दिये गये।

बैठक में सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर, महिला बाल विकास सहायक संचालक सुश्री वनश्री कुर्वेती, कटनी सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, रीठी कटनी परियोजना अधिकारी श्रीमती सुलोचना महोबिया, महिला बाल विकास ढीमरखेड़ा परियोजना अधिकारी आरती यादव, इंद्र कुमार साहू, महिला बाल विकास रीठी प्रभारी परियोजना अधिकारी अनुपमा भाटे, महिला बाल विकास मुड़वारा प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती भारती द्विवेदी मौजूद रहे।

# डीएलसी मोबाइल एप के माध्यम से पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) के अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों के सत्यापन हेतु विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (DLC) मोबाइल एप के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जिससे पारंपरिक मैन्युअल प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जा सके।

योजना प्रभारी सनद विश्वकर्मा ने बताया कि कार्यालय कलेक्टर (सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) कटनी के निर्देशानुसार जिले एवं नगरीय निकाय स्तर पर यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन एवं निशक्त पेंशन योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार किया जाएगा। हितग्राही डीएलसी सत्यापन हेतु "आधार फेस आरडी" एवं "बीएसए एप" को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर आसानी से प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। दोनों ऐप का इंस्टॉल होना अनिवार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त नगर निगम के कक्ष क्रमांक 42 में पेंशन शाखा में पदस्थ कर्मचारियों से संपर्क कर सकते है।

योजना प्रभारी ने बताया कि निगम द्वारा वार्डवार हितग्राहियों की सूची तैयार कर संबंधित वार्ड प्रभारियों को उपलब्ध कराई गई है। साथ ही, वार्ड स्तर पर तैनात अमले को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र के पेंशनधारियों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करें।

नगर निगम ने नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग कर सत्यापन सुनिश्चित कराएं।

**खबर संक्षेप**

### संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, कामताना ग्राम में सनसनी

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कामताना ग्राम में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान भोला आदिवासी (22 वर्ष), पिता नंदलाल आदिवासी, निवासी कामताना के रूप में हुई है, जो बीती रात से लापता बताया जा रहा था। जानकारी के अनुसार गांव के पास स्थित पेड़ों की नर्सरी में सागौन के पेड़ से युवक ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार किया। इसके बाद गुरुवार की दोपहर 2:00 शव को पोस्टमार्टम के लिए अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा।

### शिक्षकों ने चलाया संपर्क अभियान, बच्चों को शाला लाने का दिया संदेश

**पन्ना (पवई)।** शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा के शिक्षकों ने गुरुवार को संपर्क अभियान चलाकर ग्राम के घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क किया। इस दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी और बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक सतानंद पाठक ने अभिभावकों को बताया कि निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश, मध्याह्न भोजन और छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएँ शाला में उपलब्ध हैं। प्रधान अध्यापक श्रीमती माया खरे ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बना सकती है, इसलिए कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। संपर्क अभियान के दौरान शिक्षकों ने ड्रॉपआउट बच्चों की सूची तैयार की और उनके अभिभावकों को समझाइश देकर शाला में पुनः प्रवेश दिलाने का संकल्प लिया।

### सेवा और समर्पण की एक मिसाल - पीड़ति परिवार को मिली 2 लाख की आर्थिक सहायता

**देवेंद्रनगर।** देवेन्द्रनगर में मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का एक उत्तम उदाहरण देखने को मिला। भारतीय स्टेट बैंक (ठप्) शाखा देवेन्द्रनगर के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत स्वर्गीय ज्योति कुशवाहा के आकस्मिक निधन के उपरांत, उनके नामांकित पति अरविंद कुशवाहा को 2,00,000 की बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया।

# पंचायतों द्वारा नहीं की गई मवेशियों के लिये पीने के पानी की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

गर्मी के मौसम में जहां एक ओर लोगों को पीने के पानी की समस्या तो होती ही हैं वहीं दूसरी ओर पशु पक्षियों एवं मवेशियों के लिए पीने के पानी की सबसे अधिक समस्या खड़ी हो जाती है। हालांकि कुछ समाजसेवियों द्वारा पशुओं को पानी पीने के लिए एवं पक्षियों के लिए सकोरों का इंतजाम तो किये जाते है लेकिन बहुत कम मात्रा में। हरिभूमि संवाददाता ने जब क्षेत्र की गैसावाद,खमरगौर, हरदुआ उमराव, देवराजामशा, तेवरैया,गरैह, आदि पंचायतों का दौरा कर मवेशियों के पीने के पानी का जयजा लिया तो इन पंचायतों में मवेशियों को पीने के पानी की पंचायतों द्वारा कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई है। ना तो इन पंचायतों में मवेशियों को पानी के लिए होज (होदी) बनाए गए हैं और ना ही कोई अन्य व्यवस्था की गई है। ग्राम गैसाबाद में श्रीराम मंदिर के पास ग्रामीणों के जन सहयोग से कुछ वर्ष पूर्व एक होज (होदी) का निर्माण कराया गया था कुछ दिनों तक तो उसमें मवेशियों के लिए पानी भरा गया लेकिन बाद में उस होदी में किसी ने पानी भरने की जहमत नहीं उठाई और वर्तमान में उस होदी में कूड़ा कचरा कांडाआदि भरे हुए हैं, गर्मी के इस मौसम में मवेशी अपनी प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं कुछ छोटे बछड़े तो पानी की तलाश में स्थानीय होटलों के अंदर रखी बाल्टी में ही अपना मुंह डालकर प्यास बुझाने की कोशिश करते हैं, पंचायतों द्वारा राहगीरों के लिए सार्वजनिक प्याऊ का भी कोई इंतजाम नहीं किया गया है जिससे बाहर से आने वाले यात्रियों को पीने के पानी की समस्या हो रही है, इस विषय पर जब हरिभूमि संवाददाता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने सचिव एवं सरपंचों से चर्चा की तो उन्होंने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहां की पंचायत में इस तरह का कोई बजट नहीं आता है जिससे हम मवेशियों को पानी की व्यवस्था कर सके।

## गरीब छात्रों की शिक्षा में सहयोग हेतु आगे आई मदद फाउंडेशन समिति

**दमोह।** जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव के मार्गदर्शन में तथा मदद फाउंडेशन समिति के सचिव आशीष शर्मा एवं उपाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा के सहयोग से एक सराहनीय पहल की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष रमाकांत वाजपेयी, राकेश राठौर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मदद फाउंडेशन समिति द्वारा ग्राम टेकचंद पिपरिया निवासी कक्षा 11वीं के छात्र भीकम पटेल को नीट (छम्म्ज) परीक्षा की ऑनलाइन कोचिंग हेतु 5200 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह सहयोग छात्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे सहयोग को अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए। मदद फाउंडेशन समिति द्वारा किया गया यह प्रयास समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं सहयोग की भावना को मजबूत करने का कार्य करेगा।

ग्रामीणों में खुशी की लहर

# पगडंडी से बदतर सड़क से राहतः सुरेखा घाट पर शुरू हुआ सीसी सड़क निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत आदिवासी बहुल पहाड़ी क्षेत्रों में लंबे समय से उपेक्षा और बदहाल सड़क व्यवस्था का दंश झेल रहे ग्रामीणों के लिए अब बड़ी राहत की खबर सामने आई है। बोदा मानगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुरेखा घाट पर बहुप्रतीक्षित सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ हो चुका है। जैसे ही निर्माण कार्य शुरू हुआ, क्षेत्र के सुरेखा, देवतरा और झादा सहित आसपास के गांवों में खुशी की लहर दौड़ गई। करीब 60 लाख 59 हजार रुपये की लागत से बनने वाली इस सीसी सड़क का निर्माण कार्य मां चंडी कंस्ट्रक्शन कंपनी को सौंपा गया है। घाट क्षेत्र में लगभग 500 मीटर लंबाई में बनने वाली यह सड़क क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत बनाएगी और वर्षों पुरानी समस्या से निजात दिलाएगी।



### पगडंडी से भी बदतर हो चुकी थी सड़क

सुरेखा घाट का मार्ग लगभग 30 वर्ष पूर्व बनाया गया था, लेकिन समय के साथ इसकी स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई थी। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़े हुए पत्थर और तीखी ढलानें इसे बेहद खतरनाक बना चुकी थीं। हालात इतने खराब थे कि छोटे वाहन भी इस रास्ते से गुजरने से बचते थे। बरसात के मौसम में स्थिति और भी विकराल हो जाती थी, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता था। सड़क की खराब स्थिति का सबसे अधिक असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा था। 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस जैसी आवश्यक सेवाएं गांव तक नहीं पहुंच पाती थीं। ऐसे में बीमार व्यक्तियों और गर्भवती महिलाओं को खाट या चारपाई के सहारे कई किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता था, जिससे कई बार गंभीर जोखिम की स्थिति बन जाती थी।

### प्रशासनिक पहल से मिला समाधान

दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा पूर्व में सुरेखा घाट का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था, जो अब मूर्त रूप लेता दिखाई दे रहा है। यह पहल प्रशासन की संवेदनशीलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बोदा मानगढ़ निवासी पुन्नू सिंह ठाकुर (80 वर्ष) ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण गांव में सामाजिक और पारिवारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही थीं। रिश्तेदारों का आना-जाना लगभग बंद हो गया था और बच्चों के विवाह जैसे कार्यों में भी बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। उन्होंने कलेक्टर सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह लोधी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ग्रामवासी राजू, विकास, उजियार, लक्ष्मण, धन सिंह और संजय सिंह सहित अन्य लोगों का कहना है कि सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि गांव की जीवनरेखा होती है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार तक पहुंच में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

घाट की खराब स्थिति के कारण व्यापारी इस क्षेत्र में आने से कतराते थे, जिससे ग्रामीणों को अपने कृषि एवं वन उत्पाद कम कीमतों पर बेचने पड़ते थे। नई सड़क बनने के बाद सिंग्रामपुर, जबेरा और कटंगी जैसे प्रमुख बाजारों तक पहुंच आसान हो जाएगी, जिससे ग्रामीणों को बेहतर दाम मिल सकेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# समाधान योजना की अवधि 15 मई तक बढ़ी, लगेंगे विशेष कैंप

**सिंग्रामपुर।** मध्यप्रदेश ऊर्जा विभाग द्वारा बकाया बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए चलाई जा रही समाधान योजना 2025-26 की अवधि बढ़ाकर अब 15 मई 2026 तक कर दी गई है। शासन के इस निर्णय से क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। जबेरा के कार्यपालन अभियंता महेश महतो ने बताया कि योजना का उद्देश्य अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को बकाया बिलों से राहत देना है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को बिजली बिलों पर लगने वाले सरचार्ज में विशेष छूट प्रदान की जा रही है, जिससे वे आसानी से अपना बकाया जमा कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में उपभोक्ता मौके पर ही अपने बकाया बिल का निराकरण कर सकते हैं और छूट का लाभ लेकर भुगतान कर सकते हैं। विशेष रूप से दूरस्थ एवं पहाड़ी क्षेत्रों में भी कैंप लगाकर लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता के अनुसार, क्षेत्र में कुल 9980 उपभोक्ताओं पर लगभग 4 करोड़ 85 लाख रुपये की बकाया राशि है। अब तक 3515 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ उठाते हुए करीब 70 लाख रुपये जमा किए हैं। शेष बकाया राशि की वसूली के लिए आगामी दिनों में और कैंप लगाए जाएंगे। महेश महतो ने सभी बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 15 मई 2026 से पहले अपने बकाया बिजली बिलों का भुगतान कर इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और सरचार्ज में मिलने वाली छूट का फायदा लें।

# दो युवकों ने दिखाई ईमानदारी

## सड़क पर मिला मोबाइल पुलिस को सौंपा



**हटा।** आज के दौर में जहां खोई हुई चीज़ों के वापस मिलने की उम्मीद कम ही रहती है, वहीं हटा क्षेत्र के दो युवकों ने ईमानदारी की मिसाल पेश कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण दिया है। ग्राम बरोदा निवासी साहिल सिंह राजपूत और आशु राजपूत ने सड़क पर लावारिस हालत में मिले मोबाइल फोन को पुलिस थाना हटा में जमा कर अपनी सच्चाई और जिम्मेदारी का परिचय दिया। दोनों युवकों ने बताया कि वे मोटरसाइकिल से दमोह-पन्ना मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सड़क पर एक मोबाइल फोन पड़ा हुआ दिखाई दिया। उन्होंने मोबाइल उठाकर देखा तो वह रेडमी कंपनी का था, जिसकी स्क्रीन टूटी हुई थी। फोन पर लगातार कॉल आ रहे थे, लेकिन स्क्रीन खराब होने और टच काम न करने के कारण वे कॉल रिसीव नहीं कर सके और यह भी पता नहीं चल पाया कि फोन किसका है। इसके बाद दोनों युवक सीधे पुलिस थाना हटा पहुंचे और वहां नगर निरीक्षक सुधीर कुमार बेगी को मोबाइल मिलने की जानकारी दी। उन्होंने मोबाइल पुलिस को सौंपते हुए कहा कि यह जिस भी व्यक्ति का हो, उसे सही-सलामत वापस पहुंचाया जाए। इस सराहनीय कार्य पर थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी ने दोनों युवकों की ईमानदारी की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब लोगों के मोबाइल अक्सर गुम हो जाते हैं, तब इस तरह की ईमानदारी समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि यदि किसी को किसी का खोया हुआ सामान मिले तो उसे संबंधित व्यक्ति या पुलिस तक पहुंचाने का प्रयास करें।

# दफ्तर है सरकारी, समय से नहीं पहुँच रहे कृषि विभाग में अधिकारी कर्मचारी

### विभाग में सबसे जूनियर को बना दिया प्रभारी अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

शासन ने शासकीय कर्मचारियों के कार्यालीन समय में बदलाव किया था जिसमें सफ्ताह में 5 दिवस का कार्य और कार्यालय सुबह 10 बजे से 6 बजे तक कार्यालय बंद का समय निर्धारित किया गया था। सफ्ताह में हुए कार्यदिवस में बदलाव तो कर दिया लेकिन हटा के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में अमला के कर्मचारियों की आदत में बदलाव नजर नही आया हैं। शुक्रवार के दिन 11 बजे के बाद भी कार्यालय के दरवाजे पर ताला लटका नजर आया। मिली जानकारी के अनुसार अधिकतर 12 बजे के तक आराम से कर्मचारी अपने कार्यालय आते है। लेकिन अपने निर्धारित समय को लेकर वे गंभीर नजर नही आते है। यह सिलसिला विगत महीनों जब से एक जूनियर कृषि विस्तार अधिकारी को कार्यालय वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी का प्रभार सोपा गया तब से यह मनमानी पर ऑफिस चल रहा हैं और अब ये चलन बन गया है। वरिष्ठ कृषि कार्यालय में किसान व अन्य कार्य से आने वाले लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। वे कर्मचारियों का घंटो रास्ता देखते नजर आते हैं जिससे कामकाजी व्यवस्था पर प्रभाव तो पड़ता हैं साथ हि समय की भी बर्बादी अधिकारी के कार्यालय पर समय से न पहुंचने पर होती हैं। कृषि विभाग में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा समय पर उपस्थित नहीं होने की कार्यशैली में सुधार नहीं हो रहा है। विडंबना यह है कि उच्च अधिकारियों द्वारा इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते मनमानी कार्यप्रणाली हावी है।

### जूनियर को दिया वरिष्ठ कृषि अधिकारी का प्रभार

गौरतलब है कि हटा अनुविभाग के वरिष्ठ कृषि विकास कार्यालय में सबसे जूनियर कृषि विस्तार अधिकारी संजय रोहित जिनकी एक वर्ष के भीतर ही शासन द्वारा विभाग में नियुक्त किया गया उसे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी हटा का प्रभार जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमों को दरकिनार करते हुए दिया गया जबकि हटा कार्यालय में इनसे सीनियर 6 कृषि विस्तार अधिकारी पदस्थ हैं।

शासन व जिला कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी अधिकारी व कर्मचारी अपना मुख्यालय छोड़कर अप-डाउन नही करेंगे लेकिन हटा में प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी हफ्ते में एकाध दिन ही कार्यालय में पहुंचते है और वह भी दमोह से अप डाउन करते हैं। जिन पर शासन के निर्देश लागू होते नजर नही आते हैं और ना ही कोई जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान देता हैं। जिसके कारण कोई नियम का महत्व समझ नहीं आता है और यही वजह हैं कि सब अपनी मनमर्जी से दफ्तर पहुंचते हैं।

जब इस संबंध में कृषि उप संचालक से बात की तो उन्होंने भी गोलमोल जवाब देते हुए कहा कि अभी शादी का सीजन चल रहा है हो सकता कहीं शादी जाने से लेट लतीफ हो जाते हैं वहीं जूनियर को प्रभार देने में बताया कि कार्यालय के कार्यों में अच्छा अनुभव होने के चलते प्रभार दिया गया।

## वरिष्ठ कार्यालयों के पत्रो को दिखा रहे जिला शिक्षा अधिकारी

**दमोह।** म.प्र.शासकीय लिपिकीय कर्मचारी संघ के प्रान्तीय संरक्षक राकेश सिंह हजारी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी पर वरिष्ठ अधिकारियों के पत्रों का पालन सुनिश्चित नही करने का आरोप लगाया है, जिसमें तत्कालीन संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल का पत्र क्रं./873 दिनांक 28-06-2023 के द्वारा राजेन्द्र कुमार अवस्थी भृत्य शास.महा.कन्या उ.मा.वि.हटा जिला दमोह के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराने के लिये जिला शिक्षा अधिकारी दमोह को पत्र लिखा गया, किन्तु आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसके साथ ही श्रीमति रामबाई गोविंद सिंह परिहार तत्कालीन विधायक विधान सभा पथरिया द्वारा पत्र क्रं./21 दिनांक 04-08-2025 के द्वारा 05 बिन्दुओं की शिकायत कर कमिश्नर सागर संभाग सागर को कानूनी कार्यवाही करने का लेख किया गया, कमिश्नर सागर संभाग सागर द्वारा अपने पत्र क्रं./365 दिनांक 26-08-2025 के द्वारा राजेन्द्र कुमार अवस्थी भृत्य के विरूद्ध एफ.आई.आर.दर्ज कराने संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा विभाग सागर को पत्र लिखा गया। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग सागर द्वारा अपने पत्र क्रं./9088 दिनांक 07-09-2025 को जिला शिक्षा अधिकारी दमोह को पत्र जारी किया गया। किन्तु उक्त वरिष्ठ कार्यालय द्वारा सभी पत्रों पर कार्यवाही ना करते हुये उसे संबंधित को आश्रय दिया जाना प्रमाणित है। अतः म.प्र.शासन से आपेक्षा की जाती है, कि ऐसे अधिकारी के विरूद्ध शीघ्र अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने का ध्यान आकर्षित किया है।

## 35 साल में बदली तस्वीरः घने जंगल से बंजर होते वन क्षेत्र

**तेंदूखेड़ा।** उपवन मंडल के अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्रों में कभी प्राकृतिक वन संपदा का अपार भंडार हुआ करता था, जो आज तेजी से समाप्ति की कगार पर पहुंच चुका है। लगभग 35 वर्ष पूर्व इन जंगलों में तेंदू, हर्र, बहेरा, आँवला, महुआ, कंजी तथा अचार (चिरौंजी) के पेड़ों की भरपूर उपलब्धता थी। यह वन क्षेत्र न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध था, बल्कि ग्रामीणों की आजीविका का भी प्रमुख आधार हुआ करता था। ग्रामीण अंचलों के लोगों के लिए ये वनस्पतियां आय का एक महत्वपूर्ण साधन थीं। विशेष रूप से अचार के पेड़ों से प्राप्त उत्पादों से ग्रामीणों को अच्छा खासा मुनाफा होता था। उस समय लोगों को मजदूरी पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी, बल्कि वे वन उपज के सहारे ही अपने परिवार का भरण-पोषण आसानी से कर लेते थे। हालांकि, समय के साथ परिस्थितियां बदलती चली गईं। वन क्षेत्रों में इन उत्पादन देने वाले पेड़ों पर अंधाधुंध कटाई, वन माफियाओं की सक्रियता तथा आजीविका के सीमित विकल्पों के चलते ग्रामीणों द्वारा भी पेड़ों की कटाई बढ़ी। परिणामस्वरूप पिछले 35 वर्षों में लगभग 70 से 80 प्रतिशत तक वन क्षेत्र की फल फूल देने वाले पेड़ो की हरियाली नष्ट हो चुकी है। सबसे अधिक नुकसान अचार ,आँवला, तेँदू, हर्र ,बहेरा के पेड़ों को हुआ है, जिन पर सबसे ज्यादा कुल्हाड़ी चली। आज स्थिति यह है कि कभी घने और समृद्ध रहे इन जंगलों में गिने-चुने पेड़ ही शेष रह गए हैं। वन परिक्षेत्रों की यह बदहाल स्थिति पर्यावरण के लिए गंभीर खतरे का संकेत दे रही है। जैव विविधता में कमी, जल स्त्रोतों पर प्रभाव तथा जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी हैं।

# मेगा टीकाकरण शिविर को सफल बनाने हेतु प्राइवेट चिकित्सकों की बैठक

**तेंदूखेड़ा।** आयोजित होने वाले मेगा टीकाकरण शिविर के सफल संचालन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्र के सभी प्राइवेट चिकित्सकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की सीबीएमओ डॉ. अशोक बरोनिया ने की, जिसमें ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे एवं नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपस्थित प्राइवेट चिकित्सकों को एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि यह टीका 14 वर्ष तक की बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है, जो भविष्य में गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने चिकित्सकों से अपील की कि वे अपने स्तर पर भी लोगों को जागरूक करें और विशेष रूप से उन माता-पिता को समझाएं, जो अपनी बच्चियों को टीका लगवाने में संकोच कर रहे हैं। सीबीएमओ डॉ. बरोनिया ने कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने प्राइवेट क्लीनिक संचालित करने वाले चिकित्सकों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में 14 वर्ष की बालिकाओं के टीकाकरण में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक यह सुविधा पहुंचे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जाएगा, जिससे समाज में टीकाकरण के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचे। सभी उपस्थित चिकित्सकों ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मेगा टीकाकरण शिविर के माध्यम से बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है, जिसमें जनसहभागिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# समदई में पुलिया निर्माण में भारी भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



विधानसभा क्षेत्र जबेरा के अंतर्गत आने वाली दोनों जनपद पंचायत एवं संपूर्ण ग्राम पंचायतो में इस समय भ्रष्टाचार का बोल वाला है निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी इस समय शासन की जन हितेषी योजनाओं को पलीता लगाते हुए नजर आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत समदई की ग्राम पटेरिया चक्र में वर्ष 2024 /25 में 24 लाख की लागत से पुलिया निर्माण स्वीकृत हुई वर्ष 2025 में पुलिया का निर्माण पूर्ण हो गया। ग्रामीणों की शिकायत पर भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ने जब पुलिया का निरीक्षण किया तब देखा कि इसमें बहुत बड़ी लापरवाही की गई है। सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि जितनी लागत की पुलिया है उससे बहुत ही कम लागत लगभग तीन से चार लाख की लागत में ही पुलिया बना दी गई है जिसमें लगाए गए घटिया मटेरियल से फर्श उखाड़ने लगा है एवं पुलिया जहां बनाई गई। वहां से किसी भी प्रकार का आवागमन नहीं हो रहा है, मार्ग बंद है। दूसरे मार्ग से लोग आते जाते हैं फिर ऐसी जगह पर पुलिया का निर्माण कर दिया गया जो पूर्णता अनुपयोगी है। इस प्रकार से पंचायत के सरपंच ,सचिव, सहायक सचिव ,उप यंत्री के द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया गया है और जब इस बारे में तेंदूखेड़ा एस डी ओ राज जी से बात की तो उन्होंने बताया मुझे इसकी जानकारी ही नहीं है । ना ही मेरे कहीं साइन है। उनका कहना कि भरत जैन उपयंत्री ने इसका मूल्यांकन एवं एस्टीमेट बनाया है एवं जबेरा एसडीओ शिवाजी ने इसका सत्यापन किया है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि पुलिया की दीवाल में कंक्रीट की जगह पत्थर भरवाये गए हैं। घटिया रेत सीमेंट का उपयोग हुआ है। इस कार्य की पूर्णतह निष्पक्ष जांच होना चाहिए एवं दोषियों पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए।

# स्वर्ग एवं नरक आपके हाथ में ही हैं, मेहनत करें अच्छे कर्म करें और अपने जीवन को स्वर्ग बनाएं - पंडित रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित पुरुषोत्तम लाल विश्वकर्मा के निवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री. महाराज ने कहा कि आप जैसा चाहो वैसा बन सकते हो उन्होंने कहा कि एक बुजुर्ग महिला की मृत्यु हो गई यमराज उसे लेने आये।महिला ने यमराज से पूछा आप मुझे स्वर्ग ले जाएँगे या नरक यमराज बोले दोनों में से कहीं नहीं तुमनें इस जन्म में बहुत ही अच्छे कर्म किये हैं इसलिये मैं तुम्हें सीधे प्रभु के धाम ले जा रहा हूं बुजुर्ग महिला खुश हो गई और बोली धन्यवाद पर मेरी आपसे एक विनती है मैनें यहाँ धरती पर सबसे स्वर्ग नरक के बारे में सुना बहुत सुना है मैं एक बार इन दोनों जगहो को देखना चाहती हूँ यमराज बोले तुम्हारे कर्म अच्छे हैं इसलिये मैं तुम्हारी यह इच्छा पूरी करता हूँ चलो हम स्वर्ग और नरक के रास्ते से होते हुए प्रभु के धाम चलेगें दोनों चल पडें सबसे पहले नरक आया नरक में बुजुर्ग महिला ने जोर-जोर से लोगो के रोने कि आवाज सुनी नरक में सभी लोग दुबले पतले और बीमार दिखाई दे रहे थे महिला ने एक आदमी से पूछा यहां आप सब लोगों कि ऐसी हालत क्यों है आदमी बोला तो और कैसी हालत होगी मरने के बाद जबसे यहां आये हैं हमने एक दिन भी खाना नहीं खाया। भूख से हमारी आत्माएँ तड़प रही हैं बुजुर्ग महिला कि नजर एक विशाल पतिले पर पडी जो कि लोगों के कद से करीब 300 फुट उँचा होगा उस पतिले के ऊपर एक विशाल चम्मच लटका हुआ था उस पतिले में से बहुत ही शानदार खुशबु आ रही थी बुजुर्ग महिला ने उस आदमी से पूछा इस पतिले में क्या हैआदमी मायूस होकर बोला ये पतिला बहुत ही स्वादिष्ट खीर से हर समय भरा रहता है बुजुर्ग महिला ने हैरानी से पूछा इसमें खीर है तो आप लोग पेट भरके ये खीर खाते क्यों नहीं भूख से क्यों तड़प रहें हैं आदमी रो रो कर बोलने लगा कैसे खायें ये पतिला 300 फीट उँचा है हममें से कोई भी उस पतिले तक नहीं पहुँच पाता बुजुर्ग महिला को उन पर तरस आ गया सोचने लगी बेचारे खीर का पतिला होते हुए भी भूख से बेहाल हैं शायद ईश्वर नें इन्हें ये ही दंड दिया होगा यमराज बुजुर्ग महिला से बोले चलो हमें देर हो रही है दोनों चल पडे कुछ दूर चलने पर स्वर्ग आया। वहाँ पर बुजुर्ग महिला को सबकी हंसने खिलखिलाने कि आवाज़ सुनाई दी सब लोग बहुत खुश दिखाई दे रहे थे उनको खुश देखकर बुजुर्ग महिला भी बहुत खुश हो गई पर वहाँ स्वर्ग में भी बुजुर्ग महिला कि नज़र वैसे ही 300 फुट ऊँचे पतिले पर पडी जैसा नरक में था उसके ऊपर भी वैसा ही चम्मच लटका हुआ था बुजुर्ग महिला ने वहाँ लोगो से पूछा इस पतिले में क्या है स्वर्ग के लोग बोले इसमें बहुत स्वादिष्ट खीर है बुजुर्ग महिला हैरान हो गई उनसे बोली पर ये पतिला तो 300 फीट ऊँचा है आप लोग तो इस तक पहुँच ही नहीं पाते होगें उस हिसाब से तो आप लोगों को खाना मिलता ही नहीं होगा आप लोग भूख से बेहाल होगें पर मुझे तो आप सभी इतने खुश लग रहे हो ऐसे कैसे लोग बोले हम तो सभी लोग इस पतिले में से पेट भर के खीर खाते हैं महिला बोली पर कैसे पतिला तो बहुत उँचा है लोग बोले तो क्या हो गया पतिला उँचा है तो यहां पर कितने सारे पेड़ हैं ईश्वर ने ये पेड़ पौधे नदी, झरने हम मनुष्यों के उपयोग के लिये तो बनाये हैं हमनें इन पेडो कि लकडी ली उसको काटा फिर लकड़ीयों के टुकडो को जोड़ के विशाल सिढी का निर्माण किया उस लकड़ी की सीढ़ी के सहारे हम पतिले तक पहुँचते हैं और सब मिलकर खीर का आंनद लेते हैं बुजुर्ग महिला यमराज कि तरफ देखने लगी यमराज मुसकाये बोले ईश्वर ने स्वर्ग और नरक मनुष्यों के हाथों में ही सौंप रखा है चाहें तो अपने लिये नरक बना लें चाहे तो अपने लिये स्वर्ग ईश्वर ने सबको एक समान हालातो में डाला है। उसके लिए उसके सभी बच्चें एक समान हैं वो किसी से भेदभाव नहीं करते वहाँ नरक में भी पेड-पौधे सब थे पर वो लोग खुद ही आलसी हैं, उन्हें खीर हाथ में चाहिए वो कोई कर्म नहीं करना चाहते कोई मेहनत नहीं करना चाहता इसलिये सब भूख से बेहाल हैं यही तो ईश्वर की बनाई इस दुनिया का नियम है जो कर्म करेगा मेहनत करेगा उसी को मीठा फल खाने को मिलेगा अर्थात स्वर्ग एवं नरक आपके हाथ में ही हैं मेहनत करें अच्छे कर्म करें और अपने जीवन को स्वर्ग

खबर संक्षेप

## अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार दो बच्चों सहित बाइक चालक घायल

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेंदूखेड़ा पाटन मार्ग पर स्थित नरगुवा की घाट पर एक तेज रफ्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा पहुंचे। इस हादसे में दो बच्चों सहित बाइक चालक घायल हुए हैं जिनमें श्याम सुंदर पिता नंदराम गौड़ उम्र 32 निवासी धनगौर थाना तेंदूखेड़ा साक्षी पिता श्याम सुंदर गौड़ उम्र 8 वर्ष जागेश पिता श्याम सुंदर गौड़ उम्र 5 वर्ष निवासी धनगौर थाना तेन्दूखेड़ा है जो लगुन समारोह में शामिल होने के कालूमर चौकी सिग्रामपुर के पास गए हुए थे। जहां पर वापस अपने घर धनगौर आते समय यह हादसा हो गया राहगीरों द्वारा घटना की सूचना 108 वाहन को दी गई जहां सूचना मिलते ही पायलट नरेश अठ्ठया डॉ विजय सींग मौके पर पहुंचे और घायलों को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा लाया गया। जहां पर सभी घायलों का इलाज जारी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## एनआईओएस परीक्षाओं के लिए उड़नदस्ता दल गठित

**दमोह।** क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के निर्देशानुसार, NIOS भोपाल द्वारा आज 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो रही हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु जिला दमोह में एक परीक्षा केंद्र केंद्रीय विद्यालय दमोह नियत किया गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर आकस्मिक निरीक्षण एवं सफल संचालन सुनिश्चित करने के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। दल में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सौरभ गंधर्व, तहसीलदार दमयंतीनगर रॉबिन जैन तथा ए.पी.सी. जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मोहन राय शामिल हैं।

## आपरेशन मुस्कान में 12 वर्ष पुराने प्रकरण में मिली सफलता

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एवं, अति. पु. अधी. सुजीत भदौरिया तथा SDOP पथरिया प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे आपरेशन मुस्कान में थाना प्रभारी हिण्डोरिया निरी. धर्मेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में गठित टीम में सउनि राजेन्द्र मिश्रा चौकी प्रभारी बांदकपुर, आर. 746 दीपचंद, म.सै. 167 हरिबाई के द्वारा सायबर टीम दमोह के सहयोग से *12 वर्ष* पूर्व अपहर्त बालिका को मानेसर जिला गुडगांव हरियाणा से दस्तयाब कर बड़ी कामयाबी प्राप्त की है। थाना हिण्डोरिया दमोह के अप.क्र. 195/2014 धारा-363, 366ए ताहि. की अपहर्त बालिका को सूचना तंत्र के आधार पर एवं सायबर टीम दमोह के सहयोग से ग्राम नाहरपुर, थाना मानेसर, जिला गुरूग्राम हरियाणा से दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया है।

### दमोह सागर स्टेट हाईवे पर रफ्तार का कहर

# ट्रक बोलेरो और बाइक की भिडंत में चार लोगों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दमोह सागर स्टेट हाईवे पर शुक्रवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो जाने का दुखद घटना क्रम सामने आया है। हादसे के बाद देर तक जाम की हालात बने रहे और मौके पर पुलिस को पहुंचकर मोर्चा संभालना पड़ा। घटना के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर रोड पर जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर बांसा तारखेडा ग्राम में गुलाब बाबा आश्रम के पास शुक्रवार शाम TUV बोलेरो और ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई। इसी दौरान बाइक सवार दो स्थानीय युवक भी आकर भिड़ गए। तेज रफ्तार की वजह से टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार दोनों युवको की मौके पर ही मौत हो गई। जिनकी पहचान सूरज तथा जीवन अहिरवार निवासी वांसा के रूप में होना बताया जा रहा है। जो लगन उत्सव कार्यक्रम के चलते बाइक से सिलेंडर लेने जा रहे थे। इधर बोलेरो क्रमांक एमपी 34 सीए 3825 में सवार दो लोगों की गाड़ी में फंसने से दर्दनाक मौत हो जाने की जानकारी भी सामने आई है। इन की पहचान राज चौधरी और धर्मेंद्र निवासी मगरोन के रूप में हुई है ।बोलेरो का अगला हिस्सा बुरी तरह से चकनाचूर हो गया। घटनास्थल पर जाम के हालात बनने से





देर तक दोनों और वाहनों की कतार लगी रही। जिसकी बाद पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। सड़क हादसे की जानकारी लगते ही देहात थाना तथा सागर नाका चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को अलग कराकर मृतको दमोह भेजकर आवागमन को सुचारू कराया गया। इधर हादसे में अन्य लोगों के घायल होने की खबर पर जिला अस्पताल में भी डॉक्टर तथा स्टाफ अलर्ट हो गया था। घटना के संदर्भ में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है।

# दुष्कर्म के आरोपी जनपद सदस्य ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या, ट्रेक पर मिला शव

### रेलवे ट्रैक पर मिला शव, परिजनों ने लगाया झूठे फंसाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



बीना कटनी रेल खंड दमोह बांदकपुर रेल ट्रैक के बीच शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति ने रेलवे ट्रैक पर आकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के दौरान मृतक की पहचान जनपद सदस्य कुंदन आदिवासी के रूप में हुई इसके खिलाफ हाल ही में एक नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म व पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। उल्लेखनीय है की मगरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत कक्षा आठवीं की एक नाबालिक छात्रा के प्रेग्नेंट हो जाने के बाद उसको अस्पताल ले जाया गया था जहां मेडिकल जांच में उसके पेट में चार-पांच माह गर्भ पलने की बात सामने आई थी। बाद में महिला थाने में उसके बयानों के आधार पर फतेहपुर से जनपद सदस्य कुंदन आदिवासी के खिलाफ दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। गुरुवार को यह पूरा मामला खबरों की सुर्खियां बना रहा था। वहीं फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। इधर शुक्रवार को समन्ना के समीप रेलवे ट्रैक पर किसी व्यक्ति के कट जाने की सूचना पर जबलपुर नाका चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल के साथ पुलिस मौके पर पहुंची थी। जहा जांच के दौरान सुसाइड करने वाले की पहचान जनपद सदस्य कुंदन आदिवासी के रूप में हुई। वह यहां पर कब कैसे पहुंचा या फिलहाल पुलिस जांच का विषय है। लेकिन संभावना जताई जा रही है कि नाबालिक से दुष्कर्म का मामला उजागर होने और रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पकड़े जाने पुलिस कार्रवाई के भय से उसने आत्मघाती कदम उठाते हुए अपने जीवन लीला समाप्त कर ली।मृतक के परिजनों को सूचना देकर घटनास्थल पर पंचनामा कार्यवाही करते हुए सबको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है वही पुलिस घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है।

## प्रताप नारायण यादव होंगे नये कलेक्टर



**दमोह।** प्रदेश में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी देखने को मिली है। गुरुवार शाम जारी 26 आईएएस अधिकारियों की नई है। पदस्थापना सूची में अनेक जिलों के कलेक्टर प्रभावित हुए हैं। जिनमे दमोह सागर सहित अनेक जिलों के कलेक्टर शामिल है। दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को उप सचिव, मुख्यमंत्री तथा कार्यपालन संचालक, एप्को (अतिरिक्त प्रभार)दिया गया है। वहीं 2016 बैच के अधिकारी प्रताप नारायण यादव उप सचिव, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग को दमोह कलेक्टर बनाया गया है।

## सोगरिया कोटा से सागर दमोह होकर धनबाद के बीच समर स्पेशल ट्रेन 16 अप्रैल से

**दमोह।** गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा सागोरिया से रेलवे प्रशासन एक और स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू करने जा रहा है। इसका नंबर तथा आने जाने के दिन भी निर्धारित कर दिए गए हैं। जारी नंबर को देखकर कहा जा सकता है कि पूर्व में कोटा सोगरिया से दानापुर पटना के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन को इस बार दानापुर की बजाय हावड़ा रूट पर टर्न करते हुए धनबाद तक कर दिया गया है। इस ट्रेन के चलने से विश्व प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ गया जी तथा जैन तीर्थ सम्मेद शिखरजी जाने वाली तीर्थ यात्री गन इस साप्ताहिक ट्रेन की सुविधा से विशेष लाभान्वित होंगे। गुना सागर दमोह होकर गयाजी पारसनाथ की यात्रा करने वाले श्रद्धालु जनों के लिए यह साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन बेहद उपयोगी साबित हो सकती है यदि तीर्थ यात्री इस ट्रेन में अधिक संख्या में यात्रा करते हैं तो नियमित करने भी रेल मंडल विचार कर सकता है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09821 सोगरिया-धनबाद 16 अप्रैल से 9 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को 13 फेरों में सोगरिया से रात 11.10 बजे रवाना होगी। दूसरे दिन सुबह 5.35 बजे सागर तथा 6.45 बजे दमोह पहुचकर कटनी सतना के रास्ते धनवाद की ओर जाएगी। तीसरे दिन शनिवार को रात 3.45 बजे धनबाद जंक्शन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09822 धनबाद-सोगरियाद्ध 18 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को 13 फेरों में धनबाद जंक्शन से सुबह 5.15 बजे रवाना होगी जो सतना कटनी के रास्ते रात 22.30 बजे दमोह तथा 23.50 बजे सागर पहुचकर अगले दिन सुबह 7.35 बजे सोगरिया पहुंचेगी।
इन स्टेशनों पर होगा ठहराव..इस गाड़ी का रास्ते में दोनों दिशाओं में सोगरिया बारां सालपुरा छबड़ा गुगोर रुठियाई जंक्शन गुना अशोक नगर सागर दमोह कटनी आदि स्टेशनों पर ठहराव होगा।

## आज भव्य कलश यात्रा से होगा एकादश कुण्डीय श्री रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ

**पटेरा।** पटेरा तहसील के व्यारमा नदी हरदुआ घाट में एकादश कुण्डीय श्री रूद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन 11 अप्रैल से 19 अप्रैल तक किया जा रहा है। आज 11अप्रैल शनिवार को भव्य मंगल कलश यात्रा दोपहर 3 बजे से होगी। देवाधिदेव महादेव जी की कृपा एवं श्री हनुमान जी महाराज के पावन संरक्षण में बुंदेलखण्ड की जीवन दायिनी व्यारमा नदी के तट पर विश्व कल्याण एवं क्षेत्र की खुशहाली के लिये समस्त जनता के सहयोग से उक्त आयोजन हो रहा है। जिसमें श्रीमद भागवत कथा एवं बृजेश आदर्श रामलीला का मंचन व विशाल मेला का आयोजन भी है। कथा वाचक आचार्य श्री मृदुल बिहारी जी महाराज वृंदावन धाम के श्रीमुख से प्रवचन कर्ता आचार्य पं रामसेन जी मिश्रा वृंदावन धाम एवं यज्ञाचार्य पं राजेश शुक्ल शास्त्री जी सभी क्रियायें संपन्न करायेंगे। 11 अप्रैल को प्रयाश्चित, पंचाग पूजन, कलश यात्रा 12 अप्रैल को मंडप पूजन यज्ञ प्रारभ होगा। रविवार 19 अप्रैल को पूर्णाहूति भण्डारा व प्रसाद वितरण होगा। यज्ञ प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से, कथा प्रतिदिन दोपहर3 बजे से एवं रात्रि में रामलीला का मंचन 8 बजे से होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों की बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। सभी क्षेत्रवासियों से आयोजन में शामिल होकर पुण्यलाभ लेने का निवेदन आयोजन समिति ने किया है।

## नदी में गिरने से किशोर की मौत

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार की देर शाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत खमरिया कला गांव में एक 14 वर्षीय किशोर की नदी में डूबने से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है जहां शुक्रवार की सुबह पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की जांच शुरू की गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार कृष्ण पिता सुनील यादव उम्र 13 वर्ष निवासी खमरिया कला थाना तेंदूखेड़ा है जो कि गुरुवार की शाम को परिवार और अन्य गांव के दोस्तों के साथ खेत पर गया था जहां पर खेलते समय कृष्ण यादव गुरैया नदी मे डूब गया जिसके बाद अन्य साथी ने घटना की सूचना खेत पर मौजूद परिजनों व गांव के अन्य लोगों को दी जहां गांव के लोगों ने नदी में कुदकर कृष्ण को बचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक किशोर की मौत हो चुकी थी। परिजन शव को स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां शुक्रवार की सुबह पुलिस की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। परिजन ने बताया कि खेतों पर अभी मूंग की बोवनी हुई है और गर्मियों के दिनों में शाम के समय खेतों पर अच्छा लगता है इसी कारण कृष्ण खेतों पर खेलने व घूमने के लिए गया था लेकिन पता नहीं चला कब यह घटना हो गई।

### तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के सेहरी गांव का मामला: घर में आग लगाकर जिंदा जलाने का मामला

# कलयुगी बेटा ही निकला अपनी मां का कातिल, पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



थाना क्षेत्र के सेहरी गांव में अपनी मां को जिंदा जलाकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने कलयुगी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, बेटे ने पैसों के विवाद में अपनी मां की हत्या की थी पुलिस को घटना की जानकारी आरोपी बेटे ने ही दी थी। उसने बताया था कि उसके घर में आग लग गई है और उसकी मां अंदर मौजूद है जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो मकान के मलबे में मां का अधजला शव मिला शुरुआत से ही बेटे पर हत्या का संदेह जताया जा रहा था। गहन जांच के बाद पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### हाथ-मुंह बंधा मिला था महिला का अधजला शव

तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि पांच अप्रैल को सेहरी गांव में हल्कीबाई पति स्व. हरिराम यादव (65) का शव मकान के मलबे में अधजली अवस्था में मिला था। शव के हाथ और मुंह बंधे हुए थे मृतका के बेटे संतोष ने ही पुलिस को आग लगने की सूचना दी थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया, तो पूरा घर जल गया और मलबा अंदर गिर गया, जिसके नीचे हल्कीबाई दबी हुई थीं। पुलिस ने अगले दिन सुबह मलबा हटाया, तब महिला का अधजला शव बरामद हुआ।

### आरोपी बेटे पर ग्रामीणों ने जताया था शक

वहीं ग्रामीणों द्वारा भी संतोष पर हत्या का संदेह जताया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में इस मामले की लगातार जांच की गई, जिसके बाद आरोपी को पकड़ा जा सका। पुलिस ने पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शव का अंतिम संस्कार कराया।

### नशे के लिए पैसे देने से मना करने पर किया मर्डर

पुलिस ने बेटे से लगातार पूछताछ की, जिसमें बेटे ने हत्या करना कबूल कर लिया। आरोपी ने कबूल किया कि वह नशे का आदि है उसने मां से गांजा-शराब पीने को रुपए मांगे, लेकिन मां ने मना कर दिया। रात के समय आरोपी ने अपनी मां के हाथ पैर रस्सी से बांधे। मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसके ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर भूसा में दबाकर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से घर में आग लगा दी। इससे महिला की आग से जलने से मौत हो गई आरोपी संतोष यादव के विरुद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर उसे शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था और कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा निरी. रावेन्द्र बागरी, सउनि संजय सिंह, सउनि गजराज सिंह, प्र.आर. बृजेश तिवारी, प्र.आर. रविचन्द्र सेन, प्र.आर. महेश सिंह, आर. नीरज नामदेव, आर. विशाल बैन, आर. शैलेन्द्र बघेल, आर. राममिलन घोषी, आर. रणधीर दांगी, आर. कुंवर सिंह, आर. गोपाल सिंह की भूमिका रही।

## सुख में मनुष्य भगवान को भूल जाता है, दुख में पुकारता है: ऋषिकांत गर्ग



**हिंडोरिया।** नगर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचक बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि मनुष्य सुख के समय भगवान को भूल जाता है, जबकि दुख आने पर ही उन्हें स्मरण कर पुकारता है। उन्होंने बताया कि परमात्मा की कृपा सभी पर समान रूप से होती है, किंतु उनके भक्तों पर विशेष अनुकंपा बनी रहती है। सच्चा भक्त विपत्तियों में भी भगवान की कृपा का अनुभव करता है और वही विपत्ति उसके लिए ईश्वर स्मरण का साधन बन जाती है। महाराज श्री ने महाभारत प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि माता कुन्ती ने भगवान श्रीकृष्ण से सदा विपत्तियां बने रहने का वरदान मांगा था, ताकि उनका स्मरण निरंतर बना रहे। उन्होंने कहा कि भगवान का स्मरण ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है, जबकि उनका विस्मरण ही सबसे बड़ी विपत्ति है। कथा में भीष्म पितामह के जीवन प्रसंग को विस्तार से बताते हुए कहा गया कि उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के साक्षात दर्शन करते हुए और विष्णु सहस्त्रनाम का उच्चारण करते हुए परमपद की प्राप्ति की। यह प्रसंग श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। द्वितीय दिवस पर कथा में परीक्षित जन्म, शुकदेव जी के आगमन एवं सृष्टि प्रकरण जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। पूरे आयोजन स्थल पर भजन-कीर्तन और संगीतमय प्रस्तुति से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित रहे, जिससे आयोजन दिव्य और भव्य स्वरूप में संपन्न हुआ।

## जबेरा में टीईटी के खिलाफ हजारों शिक्षक जुटेंगे

### जनप्रतिनिधियों के नाम तहसील में सौपेंगे ज्ञापन



**जबेरा।** प्रदेश के शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षकों को टेट परीक्षा में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होकर उत्तीर्ण करने का आदेश प्रसारित किया है जिसमे उल्लेखित है कि उत्तीर्ण न होने पर अनिवार्य सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा। जिसके विरोध में सम्पूर्ण प्रदेश के शिक्षक शिक्षिकाएं विरोध में उतर आए है । उक्त आदेश को निरस्त करने एवम नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना करने की माग को लेकर प्रदेश शिक्षक संघ के आह्वान पर आज सम्पूर्ण प्रदेश की तहसीलों में शिक्षकों द्वारा जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौपा जाना है जिस हेतु जबेरा तहसील में ज्ञापन एवं विरोध प्रदर्शन करने की रूपरेखा हेतु विगत दिवस शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि दोपहर 2 बजे सभी शिक्षक शिक्षिकाये उत्कृष्ट विद्यालय में एकत्रित होंगे जहाँ सम्बोधन के बाद रैली निकालकर जबेरा तहसील पहुँचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा जाएगा। बैठक में संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी देवेंद्र मिश्रा , राजेश जैन, अजाक्स अध्यक्ष जी पी झरिया, कर्मचारी संघ अध्यक्ष जयंत सेन, सी एम राइज प्राचार्य संजय बाजपेई, , उप प्राचार्य अजय सिंघई,नन्दकिशोर बाजपेई, भानुप्रताप ठाकुर, जमना प्रसाद राय, राजेश राय, नरेंद्र सिंह ठाकुर, महेश विश्वकर्मा, विश्वनाथ ठाकुर, गणेश लोधी, महेंद्र मेहरा,ब्रजेश नामदेव, मणिशंकर साहू, जितेंद्र झरिया, नीतेश मलैया, सुनीता साहू, सुनीता जैन, तुलसी नामदेव , सुनीला पाटकर, हेमलता ठाकुर, शशि मेहरा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थे।

# अज्ञात कारण के चलते युवती ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा/तेजगढ

शुक्रवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र के तेजगढ़ ग्राम में एक युवती द्वारा अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार पल्लवी पिता निर्मल विश्वास उम्र 18 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 19 तेजगढ़ ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर शव पा परीक्षण किया गया उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए तेन्दूखेड़ा भेजा गया ।
इस घटना के बाद तेजगढ़ क्षेत्र में हड़कंप मच गया है क्योंकि युवती ने उस समय फांसी लगाकर अपनी जान दी है जब घर पर कोई नहीं था। मृत युवती के पिता निर्मल विश्वास ने बताया कि वह एक प्राइवेट डॉक्टर है जो तेजगढ़ में अपनी प्राइवेट क्लीनिक खोले हुए हैं लेकिन तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में सभी डाक्टरों की सीबीएमओ द्वारा वैक्सीनेशन को लेकर बैठक की गई थी जिसमें में शामिल होने आया था। जब बाद में घर पहुंचा तो दरवाजे बंद थे। पल्लवी को आवाज लगाई लेकिन उसने दरवाजे नहीं खुले तो मुझे शक हुआ जिसके बाद मैंने थाने में जानकारी दी जहां पुलिस मौके पर पहुंची और अन्य छत से होकर घर के अंदर प्रवेश किया। जहां पर पल्लवी बालकनी में अपनी ही चुनरी से फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। मृतक युवती के पिता निर्मल विश्वास ने बताया वह पल्लवी दमोह में पढ़ाई करती थी और उसने अभी 12 वी परीक्षा दी थी जिसका अभी रिजल्ट घोषित नहीं हुआ है पढ़ाई में भी पल्लवी तेज थी । वहीं घर पर पल्लवी अकेली थी क्योंकि उसकी मां बीते 15 दिनों से अपनी बड़ी बेटी के यहां पर कलकत्ता में है। डॉ निर्मल विश्वास ने बताया मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है मेरी बेटी ने किन कारण से फांसी लगाई है। सूत्रों द्वारा यह पता चला कि युवती द्वारा अपनी ही फोन से कैमरा चालू करके फांसी लगाते समय वीडियो बनाया है जहां फोन को पुलिस ने अभिरक्षा में ले लिया है। तेजगढ़ की पुलिस की मौजूदगी में शनिवार की सुबह आज शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की जांच शुरू होगी साथ ही पुलिस द्वारा जब्त किए गए पुलिस ने युवती के फांसी लगाने के कारणों का पता सच सकेगा।

